कोटद्वार, गुरूवार
30 अक्टूबर 2025
वर्ष: 47
अंक: 168 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### अलग–अलग सड़क हादसों में ग्रंथी समेत दो लोगों की मौत

रुद्रपुर। पीलीभीत–अमरिया मार्ग पर मंगलवार की रात और बुधवार की तड़के हुए दो अलग–अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक ड्योढार निवासी युवक और दूसरा गुरुद्वारे में सेवा करने वाले ग्रंथी शामिल हैं। पहला हादसा मंगलवार देर रात एचएस हॉस्पिटल के पास हुआ। यहां एक अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 32 वर्षीय जसवीर सिंह उर्फ कालू पुत्र बलविंदर सिंह निवासी ग्राम ड्योढार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे उप जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि जसवीर सिंह का विवाह पिछले वर्ष ही हुआ था। वह कम्पाइन चलाकर परिवार का भरण–पोषण करता था और मंगलवार को धान काटने के बाद घर लौट रहा था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी घटना बुधवार तड़के जनता फार्म क्षेत्र में हुई। जनता फार्म निवासी 50 वर्षीय ग्रंथी काबुल सिंह पुत्र मंगल सिंह भिटौरा गुरुद्वारे में पाठ के लिए जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां से हायर सेंटर रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। काबुल सिंह पहले मैनाझुंडी गुरुद्वारे में भी ग्रंथी रह चुके थे और क्षेत्र में उनका काफी सम्मान था। उनके परिवार में पत्नी, दो पुत्रियां और एक पुत्र है। एसएसआई विक्रम सिंह धामी ने बताया कि दोनों शवों का पोस्टमार्टम कर-ाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। दोनों हादसों की जांच की जा रही है और तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### दून अस्पताल में 18 डॉक्टरों की तैनाती

देहरादून, दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 18 डॉक्टरों की तैनाती के आदेश सचिव डॉ. आर राजेश कुमार द्वारा जारी कर दिए गए हैं। जिसके बाद निदेशालय से प्राचार्य को भी लिस्ट भेज दी गई है। इनमें कॉर्डियोलॉजी, यूरोलॉजी और प्लास्टिक सर्जरी में तीन सुपर स्पेशलिस्ट भी शामिल है। वहीं, 15 विशेषज्ञ सर्जरी, मेडिसिन, टीबी चेस्ट, गायनी आदि विभागों में मिले हैं। अपर निदेशक डॉ. आरएस बिष्ट ने कहा कि डॉक्टरों के तैनाती आदेश जारी कर दिए गए हैं। जल्द इन्हें प्राचार्य कार्यालय से ज्वाइन कराने को कहा गया है। डॉक्टरों की तैनाती से मरीजों के इलाज, सर्जरी में आसानी होगी और मेडिकल छात्रों के शिक्षण कार्य में भी राहत मिलेगी। विगत दिनों 125 पदों पर इंटरव्यू में 27 डॉक्टरों ने प्रतिभाग किया था, इनमें से 18 की तैनाती की गई है। अन्य आरक्षण एवं निजी कारणों से तैनात नहीं किए जा सके। ये मिले डॉक्टर प्रोफेसर पद : मेडिसिन में डॉ. केसी पंत, पैथोलॉजी में डॉ. बृजेश ठाकुर एसो. प्रोफेसर पद : सर्जरी में डॉ. विनम्र मित्तल, पैथोलॉजी में डॉ. स्वाति राज, ब्लड बैंक में डॉ. सना उमर, टीबी चेस्ट में डॉ. अविशम गोयल, ऑर्थो में डॉ. अक्षत मित्तल, डॉ. मानवेंद्र रावत, एनेस्थीसिया में डॉ. विजीता पांडेय, स्किन में डॉ. आस्था पंत, डॉ. भव्या संगल असिस्टेंट प्रोफेसर : पैथोलॉजी में डॉ. भाग्यश्री, ब्लड बैंक डॉ. सारिका अग्रवाल शामिल है।

### दोस्त की हत्या करने वाले दोषियों को आजीवन कारावास

टिहरी : दोस्त की निर्मम हत्या करने वाले दो दोषियों को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित कुमार सिरोही की अदालत ने आजीवन कारावास और 30-30 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड जमा न करने पर दोनों को एक-एक साल अतिरिक्त समय जेल में बिताना पड़ेगा। जिला शासकीय अधिवक्ता स्वराज्य सिंह पंवार ने बताया कि 30 अक्तूबर 2018 को शीशमझाड़ी निवासी केदार सिंह बिष्ट ने थाना मुनिकीरेती में तहरीर देकर बताया कि उनका 19 वर्षीय बेटा सिद्धार्थ बिष्ट सुबह स्कूटर पर यह निकलकर गया कि वह आधे घंटे में वापस आ जाएगा, लेकिन काफी देर बाद भी वह नहीं लौटा। जिसके बाद पुलिस ने खोजबीन शुरू की। 2 नवम्बर 2018 को पुलिस ने केस दर्ज कर शिकायतकर्ता के बयान दर्ज किए। मामले में पुलिस ने सिद्धार्थ के दोस्त संदिग्ध अतुल वाल्मीकि पुत्र ओम प्रकाश निवासी धोबी घाट, चंद्रेश्वर नगर, ऋषिकेश और आकाश मंडल पुत्र प्रमोद मंडल शीशमझाड़ी, मुनिकीरेती से पूछताछ की।

## सब देखते रह गए!

# अंबाला एयरबेस से फाइटर प्लेन सूट पहन राष्ट्रपति मुर्मू ने भरी उड़ान

अंबाला ,राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंबाला वायुसेना स्टेशन से फ्रांस निर्मित राफेल लड़ाकू विमान में एक ऐतिहासिक उड़ान भरी। राष्ट्रपति एयरफोर्स की ओर से आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुईं। इस उड़ान के साथ, उन्होंने भारतीय वायुसेना की युद्धक क्षमताओं का प्रत्यक्ष अनुभव किया। राष्ट्रपति के इस महत्वपूर्ण दौरे को देखते हुए जिला प्रशासन और वायुसेना ने सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए थे। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि राष्ट्रपति दिल्ली से हवाई मार्ग के जरिए अंबाला छावनी स्थित एयरफोर्स स्टेशन पहुंचीं। कार्यक्रम के आयोजन और प्रोटोकॉल के तहत संबंधित विभागों के अधिकारियों व अन्य की जिम्मेदारी पहले ही तय कर दी गई थी। सुरक्षा के लिहाज से एयरफोर्स स्टेशन के आसपास के इलाके में ड्रोन उड़ाने पर पूरी तरह पाबंदी लगाई गई। इसके अतिरिक्त, एयरफोर्स स्टेशन के अंदर किसी को भी मोबाइल



फोन ले जाने की इजाजत नहीं थी और केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही स्टेशन में प्रवेश दिया गया। गौरतलब है कि भारत ने फ्रांस से राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद की है। इन विमानों की पहली खेप 27 जुलाई 2020 को मिली थी, जिसमें 5 राफेल विमान शामिल थे। ये विमान सबसे पहले अंबाला एयरबेस पर ही पहुंचे थे। उन्होंने फ्रांस के मेरिग्नैक एयरबेस से उड़ान भरी थी और संयुक्त अरब अमीरात के अल दफरा एयरबेस पर रुकते हुए भारत पहुंचे थे। 10 सितंबर 2020 को अंबाला एयरबेस पर ही एक भव्य औपचारिक समारोह में इन विमानों को भारतीय वायुसेना की 17वीं स्क्वॉड्रन, गोल्डन एरोज में शामिल किया गया था। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस की तत्कालीन रक्षा मंत्री फ्लोरेंस पार्ली भी विशेष रूप से उपस्थित थीं। बता दें कि राष्ट्रपति मुर्मू से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी राफेल में उड़ान भर चुके हैं।

### अधेड़ को गुलदार ने मार डाला, दहशत में लोग

रुद्रप्रयाग : जनपद के अगस्त्यमुनि ब्लॉक के पाली मल्ली में एक अधेड़ व्यक्ति को गुलदार ने मार डाला। इस दुःखद घटना से क्षेत्र में मातम पसर गया है, लोग दशहत में है। मृतक का शव गांव से 200 मीटर दूर मिला। घटना के बाद वन विभाग की टीम के साथ ही अधिकारी, जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 5 बजे ग्राम पंचायत जौंदला के पाली मल्ली राजस्व गांव निवासी 54 वर्षीय मनबर सिंह बिष्ट पुत्र स्व. चन्द्र सिंह शौच के लिए अपने मकान के पास शौचालय में जा रहे थे कि इसी बीच घात लगाए गुलदार ने उन पर हमला कर दिया। गुलदार उन्हें घसीटते हुए 200 मीटर दूर खेतों में ले गया। व्यक्ति का एक पैर भी गुलदार ने शरीर से अलग कर दिया। सुबह जब परिजनों को घर में मनबर सिंह नहीं दिखे तो खोजबीन शुरू हुई। गांव के लोग इकट्ठा हुए और गांव के आसपास खोज करने लगे। इस बीच रास्ते में खून के निशान, कपड़े, जूते गिरे होने से सभी सकते में आ गए। गांव से 200 मीटर दूर मनबर का शव मिला, जो गुलदार द्वारा बुरी तरह नोचा हुआ था। इस घटना से पूरा परिवार सदमे में है जबकि गांव में दशहत है।

# उत्तराखंड में प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर आया आयोग से बड़ा अपडेट

देहरादून। उत्तराखंड में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर नया अपडेट सामने आया है। इसमें वन विभाग से लेकर विभिन्न विभागों के समूह ग़ के पदों की परीक्षा के लिए उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने तारीख का ऐलान किया है। उधर वन दरोगा पद पर होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा की तारीख में मामूली बदलाव किया गया है। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने वन दरोगा भर्ती के लिए शारीरिक माप जोख एवं दक्षता परीक्षा की तारीख में बदलाव किया है। दरअसल वन विभाग में ही असिस्टेंट कंजरवेटर ऑफ़ फारेस्ट के पदों के लिए भी लोक सेवा आयोग उत्तराखंड द्वारा परीक्षा करवाई जा रही है और यह दोनों परीक्षाएं एक ही दिनों में होने के चलते आयोग ने अभ्यर्थियों के अनुरोध पर तारीख में बदलाव करने का फैसला किया है। वन दरोगा भर्ती के लिए 31 जनवरी 2025 को विज्ञप्ति जारी की गई थी। इसके बाद 22 जून 2025 को लिखित परीक्षा आहुत करवाई गई, जिसका मेरिट के आधार पर परिणाम 25 अगस्त 2025 को जारी कर दिया गया। इसके बाद अब आयोग 24, 25 और 26 नवंबर को



शारीरिक माप जोख एवं दक्षता परीक्षा आयोजित करने जा रहा था, लेकिन इन तारीखों में बदलाव करते हुए इसके लिए 20, 21 और 22 नवंबर को यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष जीएस मार्तोलिया ने बताया कि अभ्यर्थियों की तरफ से दो परीक्षाएं एक साथ होने के कारण परीक्षा की तारीख में बदलाव के लिए अनुरोध किया गया था। इसी के आधार पर इन तारीखों में मामूली बदलाव हुआ है। आयोग की तरफ से कुछ दूसरी परीक्षाओं के लिए भी परीक्षा का दिन तय हुआ है, इसमें समूह ग़ के पद डाटा एंट्री ऑपरेटर, कंप्यूटर सहायक, सह स्वागतकर्ता, कनिष्ठ सहायक, स्वागती मेट, कार्य पर्यवेक्षक और आवास निरीक्षक शामिल है। इन सभी पदों के लिए 1 दिसंबर से अभिलेख सन्निरीक्षण शुरू होना प्रस्तावित किया गया हैं। इन पदों के लिए 4 अक्टूबर 2024 को विज्ञप्ति जारी की गई थी। इसके बाद 19 जनवरी 2025 को लिखित परीक्षा भी आयोजित करवाई गई। लिखित परीक्षा के बाद इन पदों के लिए 18 अगस्त से 5 सितंबर 2025 तक टंकण परीक्षा आयोजित हुई। इसके बाद जल्द ही आयोग की तरफ से मेरिट लिस्ट जारी की जानी है। सूची जारी होने के बाद एक दिसंबर से अभ्यर्थियों के दस्तावेज देखेंगे जायेंगे। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग आगामी विभिन्न परीक्षाओं को समय से करने के लिए परीक्षाओं की प्रस्तावित तारीखों पर ही परीक्षा कार्यक्रमों को आयोजित किए जाने का प्रयास कर रहा है। हालांकि इस दौरान कुछ मामले कोर्ट में होने के चलते उन पर परीक्षाएं करवाना या प्रक्रिया को आगे बढ़ना भी मुश्किल हो रहा है। उधर दूसरी तरफ अभ्यर्थियों के साथ संवाद करते हुए उनके अनुरोध पर भी जरूरी बदलाव किए जा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री ने पिथौरागढ़ में किया 85.14 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास

### सहकारिता से आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त कर रहा उत्तराखंड

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में पिथौरागढ़ में आयोजित सहकारिता मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने जनपद की 85.14 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, जिसमें 23.16 करोड़ रुपये की लागत के शिलान्यास एवं 61.98 करोड़ रुपये के लोकार्पण कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि जिन योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है, वे पिथौरागढ़ के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होंगी।

कहा कि सहकारिता की परंपरा भारत में प्राचीन काल से चली आ रही है। यह एक-दूसरे को परस्पर सहयोग द्वारा स्वावलंबी बनाने का प्रयास है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है,



ताकि वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देकर सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में सहकार से समृद्धि के स्वप्न को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में एक अलग सहकारिता मंत्रालय के गठन का निर्णय लिया। आज अमित शाह के नेतृत्व में यह मंत्रालय देश में सहकारिता आंदोलन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए एक अलग प्रशासनिक, कानूनी और नीतिगत ढांचा तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में बहुउद्देश्यीय सहकारी समितियों के कंप्यूटरीकरण का कार्य उत्तराखंड से प्रारंभ हुआ था और आज प्रदेश की सभी 671 सहकारी समितियों का कंप्यूटरीकरण पूर्ण हो चुका है। राज्य की 24 समितियां जन औषधि केंद्र के रूप में कार्य कर रही हैं, जिनसे ग्रामीण जनता को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाइयां मिल रही हैं।

640 समितियों को कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में विकसित किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य की 3838 समितियों का डेटा राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस पर अपलोड हो चुका है। राज्य में फरवरी 2023 से अब तक 800 नई पैक्स, 248 नई डेयरी समितियां एवं 116 मत्स्य समितियां गठित की गई हैं। इस अवसर पर राज्य मंत्री, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार अजय टम्टा, विधायक बिशन सिंह चुफाल, भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, जिलाधिकारी पिथौरागढ़ आशीष भटगांई, पुलिस अधीक्षक सुश्री रेखा यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं स्थानीय जनता उपस्थित थी।

### बेरीनाग में बनेगा भव्य स्टेडियम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पिथौरागढ़ में 750 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से मेडिकल कॉलेज के भवन, 34 करोड़ रुपये की लागत से स्पोर्ट्स कॉलेज में आधुनिक मल्टीपर्पज हॉल का निर्माण कराया जा रहा है। विकासखंड बेरीनाग में एक भव्य स्टेडियम का निर्माण कार्य भी प्रारंभ होने वाला है। अस्कोट, गंगोलीहाट और धारचूला में नए बस स्टेशनों के निर्माण के साथ ही पिथौरागढ़ में रोडवेज वर्कशॉप का निर्माण भी कराया जा रहा है। क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 327 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न सड़कों का निर्माण कार्य गतिमान है।

### दाउद के ड्रग्स सिंडिकेट पर एनसीबी का बड़ा एक्शन

मुंबई , नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो मुंबई की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अंडरवर्ल्ड डॉन दाउद इब्राहिम के गुर्गे और कुख्यात ड्रग तस्कर दानिश चिकना को गोवा से गिरफ्तार कर लिया है। दानिश, जिसका असली नाम दानिश मर्चेंट है, डोंगरी इलाके में दाउद की ड्रग्स फैक्ट्री संभालने और भारत में उसके ड्रग्स सिंडिकेट को चलाने का आरोपी है। इस गिरफ्तारी को दाउद के ड्रग्स नेटवर्क के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। हृष्ट्ब की टीम दानिश चिकना से गहन पूछताछ में जुट गई है।

दानिश चिकना, दाउद के एक और खास गुर्गे यूसुफ चिकना का बड़ा बेटा है। बताया जाता है कि दाउद इब्राहिम के साथ भी उसके सीधे संबंध हैं। वह पूरे मुंबई समेत देशभर में दाउद के ड्रग्स कारोबार को मैनेज करता था। यह पहली बार नहीं है जब दानिश एनसीबी के हत्थे चढ़ा है। एनसीबी ने 2019 में डोंगरी इलाके में दाउद की एक ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया था, जहाँ से करोड़ों की ड्रग्स बरामद हुई थी। यह फैक्ट्री एक सब्जी की दुकान की आड़ में चलाई जा रही थी।

# नाबालिग छात्रा से गैंगरेप कर बनाया अश्लील वीडियो

नैनीताल। नैनीताल जिले के रामनगर से बड़ी खबर सामने आई है। रामनगर कोतवाली क्षेत्र में नाबालिग छात्रा के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपियों ने नशीला पदार्थ खिलाकर नाबालिग छात्रा के साथ गैंगरेप किया। साथ ही आरोपियों ने पीड़िता का अश्लील वीडियो भी बनाया था। इस वीडियो के सामने आने के बाद ही इस मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार नाबालिग पीड़िता रामनगर के ग्रामीण क्षेत्र की रहने वाली है। नाबालिग छात्रा को आरोपियों ने किसी खाद्य पदार्थ में नशीला पदार्थ मिलाकर दिया था। इसके बाद छात्रा बेहोश हो गई थी। तभी आरोपियों ने बारी–बारी से पीड़िता के साथ रेप किया। पीड़िता के साथ घटी इस दरिंदगी का आरोपियों ने वीडियो भी बनाया। इस मामले के सामने आने के बाद पूर्व नगर अध्यक्ष मदन जोशी ने भी प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि रामनगर का शांतिपूर्ण माहौल बिगाड़ने की साजिश की जा रही है। यह मामला उनके संज्ञान में आते ही उन्होंने



तत्काल स्थानीय पुलिस और प्रशासन के उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी दी।

मदन जोशी ने आरोपियों पर सख्त से सख्त की मांग की है। मदन जोशी ने चेतावनी दी है कि यदि शुक्रवार तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो, वे सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे। रामनगर के शांत वातावरण को अब किसी भी कीमत पर खराब नहीं होने दिया जाएगा। वहीं मामले में रामनगर कोतवाली प्रभारी सुशील कुमार ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दूनागिरी की महावतार बाबा गुफा में लगाया ध्यान

अल्मोड़ा। देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद बुधवार को दो दिवसीय आध्यात्मिक यात्रा के दौरान दूनागिरी की पवित्र वादियों में स्थित महावतार बाबा की गुफा पहुंचे। घने जंगलों के बीच पांडवखोली के समीप स्थित इस ऐतिहासिक गुफा तक पहुंचने के लिए उन्होंने लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी खड़ी चढ़ाई को डोली के माध्यम से पार किया। गुफा पहुंचने से पूर्व उन्होंने योगदा आश्रम के स्मृति भवन में करीब आधा घंटा व्यतीत किया, जहां सन्यासियों से उन्होंने महावतार बाबा, लाहिड़ी महाशय, युक्तेश्वर गिरी और परमहंस योगानंद जैसे महान संतों के जीवन, उपदेशों और क्रिया योग के महत्व पर जानकारी प्राप्त की। इसके बाद गुफा में ध्यान लगाकर उन्होंने लगभग तीन घंटे का समय साधना में बिताया। ध्यान के बाद उन्होंने इस अनुभव को 'अद्भुत और आत्मशांति प्रदान करने वाला' बताते हुए



कहा कि दूनागिरी की वादियां अध्यात्म से परिपूर्ण हैं और वे पुनः यहां आने की इच्छा रखते हैं। पूर्व राष्ट्रपति के भ्रमण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी तैनात रहे। दिव्य प्रेम सेवा मिशन के आशीष गौतम सहित स्थानीय प्रशासन के अधिकारी पूरे समय मौजूद रहे।

**ग्रामीणों ने किया आत्मीय स्वागत**

महावतार बाबा की गुफा की यात्रा से पूर्व जब पूर्व राष्ट्रपति का काफिला रतखाल गांव पहुंचा, तो ग्रामीणों ने पारंपरिक पिछोड़ा पहन उनका फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। उन्होंने ग्रामीणों से आत्मीय बातचीत की और उनके स्नेह से अभिभूत नजर आए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान नीतू देवी, नंदन सिंह, उमा देवी, मुन्नी देवी, केशव सिंह और शेखर शर्मा सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

**गुफा दर्शन के बाद विश्राम कर रवाना हुए नैनीताल**

गुफा में ध्यान लगाने के पश्चात रामनाथ कोविंद ने 18 किलोमीटर की सड़क यात्रा कर द्वाराहाट के भुमकिया स्थित एक रिसोर्ट में दो घंटे विश्राम किया। भोजन के उपरांत वे अपने काफिले के साथ रानीखेत रोड होते हुए नैनीताल के लिए रवाना हुए।

### मुजफ्फरपुर की चुनावी जनसभा में राहुल गांधी ने बताई मन की बात

मुजफ्फरपुर ,लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को मुजफ्फरपुर के सकरा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में सिर्फ नीतीश कुमार के चेहरे का प्रयोग हो रहा है। अब रिमोट कंट्रोल भाजपा के हाथ में है, जिन्हें सामाजिक न्याय से कोई मतलब नहीं है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जनसभा में आए लोगों से महागठबंधन के प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार सभी समाज और धर्मों की सरकार होगी। हमारी प्राथमिकता बिहार को आगे ले जाने की है। राहुल गांधी ने जातीय जनगणना की चर्चा करते हुए कहा कि लोकसभा में हमने प्रधानमंत्री से जातीय जनगणना कराने की बात कही थी, लेकिन उन्होंने एक शब्द नहीं कहा। उन्होंने बिहार के लोगों की तारीफ करते हुए कहा कि यहां के लोग सभी स्थानों में मिल जाएंगे। उन्होंने दिल्ली बनाई, बेंगलुरु की सड़कें बनाईं, गुजरात में काम किया और मुंबई में मदद दी। हिंदुस्तान की सड़कों की बात छोड़ दीजिए, दुबई भी बिहार के लोगों की मेहनत से बना है। उन्होंने सवालकिया कि बिहार के लोग जब अन्य प्रदेशों में जाकर उसे बना सकते हैं, तो वही काम वे बिहार में क्यों नहीं कर सकते।

# हाईकोर्ट ने की नैनीताल जिपं सदस्य कथित किडनैपिंग केस में सुनवाई

नैनीताल। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चुनाव के दौरान 14 अगस्त को हुई घटना और पांच जिला पंचायत सदस्यों के कथित अपहरण को लेकर स्वतः संज्ञान लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। पूर्व के आदेश पर आज भी सरकार की तरफ से मामले की कोई प्रगति रिपोर्ट पेश नहीं की गई।

सरकार ने रिपोर्ट पेश करने के लिए खंडपीठ से एक दिन का समय मांगा गया, जिस पर कोर्ट ने सरकार को एक दिन का समय देते हुए अगली सुनवाई के लिए आने वाले शुक्रवार की तिथि नियत की है। आज बुधवार 29 अक्टूबर की सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से कहा गया कि उनके पास जो जांच रिपोर्ट आई है, वह आधी अधूरी है। इसलिए सम्पूर्ण रिपोर्ट पेश करने के लिए उन्हें



एक दिन का समय दिया जाए। इससे संतुष्ट होकर कोर्ट ने सरकार से एक दिन के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। अब मामले की सुनवाई के लिए खंडपीठ ने आने वाले शुक्रवार की तिथि नियत की है। आज मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में हुई। सुनवाई के दौरान विपक्षियों के द्वारा कहा गया कि पूर्व में कोर्ट ने प्रगति रिपोर्ट तलब की थी, जो अभी तक पेश ही नहीं की गई है। न ही अपहरण करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। मामले की जांच की स्थिति वहीं की वहीं पड़ी हुई है। कोई प्रगति अभी तक जांच में नहीं हुई है। मामला कोर्ट में आने के बाद एसएसपी ने केवल थाने के पुलिसकर्मी को सस्पेंड किया। जानिए पूरा मामलाः दरअसल, 14 अगस्त को नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ था। इस दौरान पांच जिला पंचायत सदस्य अचानक से लापता हो गए थे। कांग्रेस ने पांचों जिला पंचायत सदस्य को अपनी पार्टी का बताते हुए बीजेपी पर उनकी किडनैपिंग का आरोप लगाया था। कांग्रेस ने कुछ वीडियो भी दिखाए थे।

# सीवान में सीएम योगी ने शहाबुद्दीन के बेटे पर किया कटाक्ष, जैसा नाम, वैसा ही काम

सीवान ,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बिहार के सीवान जिले के रघुनाथपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राजद और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। रघुनाथपुर में बाहुबली शहाबुद्दीन के बेटे राजद प्रत्याशी ओसामा को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि राजद ने यहां से जो प्रत्याशी दिया है, वह अपनी खानदानी आपराधिक पृष्ठभूमि के लिए पूरे देश में कुख्यात रहा है। नाम भी देखिए। जैसे नाम, वैसा काम। उन्होंने लोगों से माफिया को नहीं पनपने देने का आह्वान करते हुए कहा कि बिहार की धरती हम सबके लिए ज्ञान की धरती है,



भक्ति की धरती है, शक्ति की धरती है, शांति और क्रांति की धरती है। जिस धरती ने यूपी की धरती से आने वाले महात्मा बुद्ध को ज्ञान प्रदान किया हो, जिस धरा ने भारत के गौरवशाली इतिहास में नया अध्याय जोड़ते हुए नालंदा विश्वविद्यालय दिया हो, जिस धरती को भगवान महावीर जैन ने जन्म दिया हो, जिस धरती ने चाणक्य दिया हो, जिस धरती ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद, जयप्रकाश नारायण और कर्पूरी ठाकुर की धरा के लोगों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया हो, ये चुनाव उन्हीं के विरुद्ध है। उत्तर प्रदेश के सीएम ने राजद पर साधते हुए कहा कि जीरो टॉलरेंस के तहत आप देख रहे होंगे कि यूपी में अपराध पर कैसे काबू पाया गया। राजद और उनके लोग आज भी अयोध्या में रामजन्मभूमि पर भगवान श्रीराम का विरोध करते हैं। ये लोग सीतामढ़ी और उसके आसपास के क्षेत्र में मां जानकी के मंदिर का निर्माण, कॉरिडोर और उसके लिए किए जाने वाले विकास कार्यों का विरोध करते हैं।

### कर्नाटक के विजयपुरा में लगातार भूकंप से दहशत, दो महीने में 11 झटके

विजयपुरा ,कर्नाटक के विजयपुरा जिले में लगातार आ रहे भूकंपों ने लोगों की नींद उड़ा दी है। पिछले दो महीनों में 11 झटके दर्ज किए गए हैं। मंगलवार रात 11:41 बजे के बाद बुधवार सुबह भी करीब 5:30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। दोनों बार कंपन के बाद लोग घरों से बाहर भागे। कई इलाकों में सीसीटीवी कैमरों ने भूकंप के दौरान का पूरा दृश्य कैद कर लिया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि जैसे ही झटके लगे, दीवारें और सड़कों पर खड़े वाहन हिलने लगे और कुत्ते जोर–जोर से भौंकने व चीखने लगे। भूकंप के केंद्र के बाहर रिक्टर स्केल पर 3.0 तीव्रता दर्ज की गई। विशेषज्ञों का कहना है कि यह तीव्रता मध्यम स्तर की है,

# सोनम वांगचुक की नजरबंदी मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टली

नई दिल्ली ,सुप्रीम कोर्ट में लद्दाख स्थित जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत नजरबंदी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई टल गई है। अब अगली सुनवाई 24 नवंबर को होगी। वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो की ओर से दायर इस मामले में उनकी नजरबंदी की वैधता और अधिकारियों की ओर से अपनाई गई प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए थे। सोनम वांगचुक की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि हमें हलफनामे की कॉपी बुधवार को मिली है। हालांकि हम नई याचिका पर सुनवाई करेंगे। गीतांजलि अंग्मो के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि हमने शाम नई अर्जी को हलफनामे के



साथ दाखिल किया है। बेंच ने कहा कि हम संशोधित याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार करते हैं। याचिका के साथ अतिरिक्त सबूत वाले दस्तावेज लगाने के लिए एक हफ्ता दिया है। इसके बाद दस दिनों में सरकार जवाब देगी। फिर अगली सुनवाई 24 नवंबर को होगी। इससे पहले की सुनवाई में सिब्बल ने अदालत को बताया था कि केंद्र सरकार ने वांगचुक को नजरबंदी के आधार बता दिए हैं,

## सम्पादकीय

# बयानों में अतिशयोक्ति

उत्तराखंड के स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर मंत्रालय इतना अधिक उत्साहित है कि स्वास्थ्य मंत्री यहां तक कहते नहीं थकते की उत्तराखंड में पहले मरीज चिकित्सकों को ढूंढते थे और अब सरकार ने इतने चिकित्सक नियुक्त कर दिए हैं कि इतने मरीज नहीं मिल रहे हैं, और चिकित्सक मरीजों को ढूंढ रहे हां। स्वास्थ्य मंत्री का यह बयान काफी हास्यसपद है, क्योंकि सरकारी अस्पतालों की जो स्थिति है वह किसी से छुपी नहीं है। ऐसा नहीं है कि स्वास्थ्य सुविधाओं को सुधारने के लिए सरकार ने प्रयास नहीं किए हैं लेकिन इस प्रकार के बयान अतिशयोक्ति हैं। सरकारी अस्पतालों में तैनात न जाने कितने ही चिकित्सा के अपनी सेवा अवधि पूर्ण करने से पहले ही त्यागपत्र देकर चलते बने हैं, जिन पर कार्रवाई करने तक की हिम्मत स्वास्थ्य महकमा नहीं जुटा पा रहा है। अब बात करें सरकारी अस्पतालों में व्यवस्थाओं की तो हालात ऐसे हैं कि एक मामूली बीमारी को दिखाने के लिए भी यह मरीज को या तो घंटों इंतजार कराया जाता है या फिर चिकित्सक ही अस्पताल में नहीं मिलते। उस वक्त मरीज खुद को ठगा महसूस करता है जब टेस्ट करने के बाद अमुक चिकित्सक को ढूंढना एक बड़ी चुनौती बन जाती है। वहीं दूसरी ओर सरकारी अस्पतालों में अपना कार्यभार काम करने के लिए मरीज को दूसरे अस्पतालों में रेफर करना चिकित्सकों की आदत बन गई है जिसे लेकर राज्य सरकार ने कई बार दिशा निर्देश जारी किए लेकिन चिकित्सकों का यह रवैया सुधारने का नाम नहीं ले रहा है। सरकारी अस्पतालों की डिस्पेंसरी में दवाई होने के बावजूद भी कुछ चिकित्सकों द्वारा बाहरी दवाइयां खरीदने पर विवश किया जाता है। सरकार ने यह निर्देश तो जरूर जारी किया है कि किसी भी मरीज को रेफर करने के लिए चिकित्सकों की लापरवाही सुनिश्चित की जाएगी।  सरकारी अस्पतालों में मरीज को दूसरे अस्पतालों में भेजना सामान्य हो गया है और चिकित्सा उपलब्ध होने के बावजूद भी मरीज को चिकित्सा आमतौर पर अपना कार्य भर काम करने के लिए दूसरे अस्पतालों में रेफर कर देते हैं तो मरीज तो गायब होंगे ही। उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री कई बार ऐसी बातें कह जाते हैं जो लोगों के गले नहीं उतरती। हालांकि उत्तराखंड राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए तमाम कोशिश से कर रही है लेकिन जब तक "ग्राउंड जीरो" पर इन व्यवस्थाओं को पटरी पर नहीं लाया जाएगा तब तक कागजों में चाहे जितने भी दिशा निर्देश जारी किए जाते रहे इनका कुछ परिणाम निकलने वाला नहीं है। यही स्थिति मेडिकल कोर्स पूरा करने के बाद सरकारी सेवा की अवधि ज्वाइन करने वाले चिकित्सकों एवं स्थानांतरित किए गए चिकित्सकों की भी है जो बॉन्ड एवं सेवा शर्तों में किए गए अनुबंध को पूरा नहीं कर रहे हैं। चिकित्सा कब सुधरेंगे यह तो पता नहीं लेकिन सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था सुधारने के लिए एक मॉनिटरिंग कमेटी भी होनी चाहिए जहां मरीज या तीमारदार बेखौफ होकर चिकित्सकों या फिर अस्पताल प्रशासन या सेवाओं में कमी की शिकायत कर सकें। स्वास्थ्य सेवा में सुधार में बट्टा लगाने वालों में मरीज और उनके तीमारदार से ज्यादा अस्पताल प्रशासन जिम्मेदार माना जाना चाहिए जो व्यवस्थाओं को पटरी पर लाने के बजाय सब कुछ व्यवस्थित बताने का प्रयास करता है। स्वास्थ्य मंत्रालय को भी अतिशयोक्ति से बचते हुए धरातलीय व्यवस्था को अमल में लाने पर ध्यान देना चाहिए।

# भारत के विदेश नीति की नींव मजबूत

**भारत–रूस (तत्कालीन सोवियत रूस) संबंधों की शुरूआत स्वतंत्रता के तुरंत बाद पण्डित विजय लक्ष्मी को प्रथम भारतीय राजदूत बनाकर रूस भेजने से किया गया। पण्डित विजय लक्ष्मी को नियुक्ति ही रूस के साथ संबंधों की महत्व को बयान करने के लिए काफी है। हालांकि स्टालिन के प्रारंभिक तल्खी के पश्चात डा. सर्वपल्ली राधा कृष्णन के राजदूत नियुक्त होने पर 1949 में सोवियत संघ से औपचारिक राजनयिक संबंध स्थापित हुआ। सोवियत संघ ने गुटनिरपेक्ष नीति को समर्थन दिया और भारत की स्वयत्त विदेश नीति की सराहना की। 1950 के दशक में भारत की मिश्रित अर्थव्यवस्था में सोवियत संघ की प्रेरणा व सहयोग से  पंचवर्षीय योजनाओं का प्रावधान किया गया। सोवियत संघ ने भारी उद्योग, विज्ञान, उर्जा तकनीकी क्षेत्रों में सहायता प्रदान की। 1955 में स्थापित भिलाई इस्पात संयंत्र इसका महत्वपूर्ण उदाहरण है। सोवियत संघ ने रक्षा सहयोग, तकनीकी शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की मदद की।**

**अमित सोमवंशी**

स्वतंत्र भारत के विदेश नीति के जनक पण्डित जवाहर लाल नेहरू ने गुटनिरपेक्षता को भारतीय विदेश नीति के एक मजबूत स्तम्भ के रूप में स्थापित किया।

तत्कालीन गुटनिरपेक्षता को दोनो ध्रुवों से समान दूरी के रूप में व्याख्यायित किया गया जबकि कालांतर में गुटनिरपेक्षता से तात्पर्य भारतीय हितों की रक्षा के लिए दोनो ध्रुवों से समान नजदीकी में हैं। तत्कालीन नव स्वतंत्र भारत के पास दोनो ध्रुवों में बटे विश्व में तीसरे विश्व के नेता के रूप में स्थापित होने का सुनहरा अवसर था और इस अवसर में भारत को स्थापित करने में गुटनिरपेक्षताश् ने मजबूत स्तंम्भ का कार्य किया। गुटनिरपेक्षता की इस नीति के प्रारंभिक दिनों में ही भारत के विदेश नीति की नींव को मजबूत करने में रूस (तत्कालीन सोवियत रूस) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भारत–रूस (तत्कालीन सोवियत रूस) संबंधों की शुरूआत स्वतंत्रता के तुरंत बाद पण्डित विजय लक्ष्मी को प्रथम भारतीय राजदूत बनाकर रूस भेजने से किया गया। पण्डित विजय लक्ष्मी को नियुक्ति ही रूस के साथ संबंधों की महत्व को बयान करने के लिए काफी है। हालांकि स्टालिन के प्रारंभिक तल्खी के पश्चात डा. सर्वपल्ली राधा कृष्णन के राजदूत नियुक्त होने पर 1949 में सोवियत संघ से औपचारिक राजनयिक संबंध स्थापित हुआ। सोवियत संघ ने गुटनिरपेक्ष नीति को समर्थन दिया और भारत की स्वयत्त विदेश नीति की सराहना की।

1950 के दशक में भारत की मिश्रित अर्थव्यवस्था में सोवियत संघ की प्रेरणा व सहयोग से  पंचवर्षीय योजनाओं का प्रावधान किया गया। सोवियत संघ ने भारी उद्योग, विज्ञान, उर्जा तकनीकी क्षेत्रों में सहायता प्रदान की। 1955 में स्थापित भिलाई इस्पात संयंत्र इसका महत्वपूर्ण उदाहरण है। सोवियत संघ ने रक्षा सहयोग, तकनीकी शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की मदद की।

1955 में सोवियत नेता निकिता और बुल्गानिक ने भारत का दौरा किया तथा इसी वर्ष नेहरू ने भी सोवियत संघ की यात्रा की। यह दोनो देशों के बीच विश्वास और सहयोग की भावना को मजबूत किया। बौंकि मंचो पर कश्मीर मुद्दे को लेकर कई बार सोवियत संघ ने संयुक्त राष्ट्र में भारत का समर्थन किया जबकि भारत ने भी कई मौको पर पश्चिमी दबाव के बावजूद सोवियत संघ की नीतियों के विरोध में मतदान नहीं किया, इस प्रकार गुटनिरपेक्ष होते हुए भी दोनो देशों के बीच सामंजस्य बना रहा।

सोवियत संघ संकट के दौर में भारत के साथ समर्पण भाव में खड़ा रहा। 1962 के भारत–चीन यूद्ध के दौरान भारत को कुटनीतिक समर्थन किया तथा हथियारों की आपूर्ति की। सोवियत संघ ने 21 जैसा लड़ाई विमान दिया तथा भारत के सैन्य अधिकारीयों को प्रशिक्षित किया। ऐसे ही 1965 के भारत–पाक युद्ध के बाद सोवियत संघ ने ताशकंद समझौते में (1966) में मध्यस्थ की भूमिका निभाई। 1971 में भारत और सोवियत संघ के बीच श्भारत–सोवियत मैत्री संधि पर हस्ताक्षर हुए। यह संधि 20 वषी के लिए थी और इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करना था।भारी उद्योग, इस्पात संयंत्र, बिजली परियोजनाएं, तेल रिफाइनरी और मशीन निर्माण जैसे क्षेत्रों में सोवियत तकनीक और सहायता से भारत ने कई कारखानों की स्थापना की, भिलाई स्टील प्लांट, राउरकेला और बोकारो स्टील प्लांट जैसे प्रतिष्ठान सोवियत सहायता से स्थपित किए गए। सोवियत संघ ने भारत को मिग–21 लड़ाकू विमान तकनीक ट्रांसफर के साथ दी, जो भारत में एचएएल द्वारा बनाए गए। भारत को टी–55 और टी–72 टैंक, सुखोई विमान, सतह आईएनएस विराट जैसे एयरक्राफ्ट कैरियरों के संचालन के लिए तकनीकी मदद दी गई। भारत ने सोवियत संघ से मिग–23, मिग–27 और मिग–29 जैसे उन्नत लड़ाकू विमान प्राप्त किए। पनडृब्बी संचालन और नौसेना क्षमताओं में सोवियत तकनीक और प्रशिक्षण का बड़ा यागदान रहा।आर्थिक, सामरिक व व्यापारिक सहयोग का यह मजबूत रिश्ता सांस्कृतिक सहयोग में भी नए आयाम तक पहुचा। भारतीय फिल्में भी सोवियत संघ में काफी लोकप्रिय हुई– जैसे आवारा और श्री 420। साहित्य, शिक्षा और भाषा के क्षेत्र में भी सहयोग हुआ– कई विविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जाने लगी और रूसी भाषा भारत में लोकप्रिय हुई। शीतयोद्धत्तर विश्व में सोवियत संघ विघटन (1991) के बाद भारत को अपने पुराने रणनीतिक साझेदार की जगह नए रूस के साथ संबंधों की फिर से परिभाषित करना पड़ा। 1991 में दोस्ताना संबंधों और सहयोग की संधि पर हस्ताक्षर हुए। यह संधि द्विपक्षीय सहयोग का नया आधार बनी।भारत ने रूस को सबसे पसंदीदा राष्ट्र का दर्जा दिया। 2000 में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के दौरान श्रणनीतिक साझेदारी की घोषणा हुई। भारत ने रूस से सुखोई–30, मिग–29, टी–90 टैंक और ब्र्होस मिसाईल प्रणाली प्राप्त की। रूस ने भारत में कई रिएक्टर बनाने में मदद की, कुडनकुलम परमाणु संयंत्र रूस की मदद से बना। भारत ने रूस में तेल और गैस परियोजनाओं में निवेश किया (जैसे कि सखालिन–1 प्रोजेक्ट)। 2010 में द्विपक्षीय संबंधों को विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया गया।वर्ष 2014 के बाद देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच व्यक्तिगत मित्रवत संबंधों ने द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत किया है। दोनों नेता नियमित रूप से द्विपक्षीय वार्ताएं, शिखर सम्मेलन और ब्रिक्स, एससीओ जैसे मंचों पर मिलते रहे है। रूस ने भारत को एस–400 मिसाईल रक्षा प्रणाली देने का समझौता किया, जिससे पश्चिमी देशों विशेषकर अमेरिका की नाराजगी भी हुई। एस–400 मिसाईल रक्षा प्रणाली की डील 2018 में की गई थी, जिसकी डिलीवरी 2021 में शुरू हुई।

यह डील भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का संकेत भी है, क्योंकि अमेरिका के प्रतिबंधों के बावजूद यह समझौता हुआ। भारत ने मेक इन इंडिया के तहत रूस के साथ संयुक्त रूप से हथियारों को निर्माण पर बल दिया है– जैसे कि एके–203 राइफल। ब्रह्मस मिसाईल, सुखोई–30 एमकेआई और टी–90 टैंकों जैसे संयुक्त रक्षा कार्यक्रम पहले से चलते आ रहे हैं, और इन्हें और बढ़ाया गया है। संयुक्त सैन्य अभ्यास (जैसे इंद्र अभ्यास) नियमित रूप से होते रहे। दोनो देशों ने 2025 तक 30 बिलियन डॉलर द्विपक्षीय व्यपार और 50 बिलियन डॉलर निवेश का लक्ष्य रखा है। रूपया–रूबल व्यपार (डॉलर के बिना व्यपार) को लेकर बात–चीत हो रही है, खासकर यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण।भारत और रूस ने ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में भी भागीदारी की और भारत ने रूस के सुदूर पूर्व में निवेश की प्रतिबद्धता जताई, एक लाईन ऑफ क्रेडिट (1 बिलियन डॉलर) देने की घोषणा की थी। भारत और रूस ब्रिक्स, एससीओ और जी20 जैसे मंचों पर सहयोग करते रहे है। रूस ने भारत के यूएनएस का स्थायी सदस्य बनने के प्रयासों का समर्थन किया है। हालांकि भारत–रूस के संबधों में कुछ बहुत प्रभावशाली चुनौतियॉ भी है जो कि समय समय पर समस्याए उत्पन्न करती है। भविष्य में भी यह साझेदारी आपसी हितों, विश्वास और सहयोग पर आाधारित रहकर और आर्थिक सम्पन्ता की ओर अनबरत रूप से बढ़ते रहने की संभावना रखती है।

# सरकार की कमियों को उजागर करना विपक्ष का धर्म

**नवेद शिकोह**

सत्ता से लड़ने वाला ही सत्ता हासिल कर सकता है, जो जितना लड़ पाएगा वो उतना सत्ता के करीब बढ़ पाएगा। बेहतर कार्यों को नजरंदाज कर सरकार की कमियों को उजागर करना विपक्ष का धर्म है। मौजूदा समय में उत्तर प्रदेश में दो विपक्षी खेमे है– एक सपा–कांग्रेस का इंडिया गठबंधन और दूसरी बहुजन समाज पार्टी। विपक्ष की इन दो ताकतों की आपसी प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है। किंतु जो विपक्षी खेमा दूसरे विपक्षी खेमे पर ज्यादा हमला करेगा और सत्ता पर अधिक हमलावर होने के बजाय तारीफ करेगा उस दल के बारे में सरकार विरोधी मतदाताओं की राय बहुत अच्छी तो नहीं होगी। और जो विपक्षी खेमा हुकुमत पर हमलावर होगा सरकार विरोधी वोटर एकजुट होकर उस विपक्षी दल के समर्थन में खड़ा होगा।

धर्म–जाति को किनारे रखकर देखिए तो चार तरह का वोटर नजर आता है। एक सत्ता को पसंद करता है और दूसरा सत्ता से नाखुश होता है,सत्ता के कार्यों से संतुष्ट नहीं होता। जो सत्ता के कार्यों से संतुष्ट हैं और उसे पसंद करता है वो वर्ग सत्तारूढ़ पार्टी को वोट देता है। जो सत्ता को पसंद नहीं करता वो वर्ग उस विपक्षी दल को चुनेगा जो सत्ता उखाड़ने में संघर्ष कर रहा हो और सत्ता के प्रति आक्रमक हो। तीसरा वोटर वर्ग वो है जिसने सत्तारूढ़ पार्टी पर विश्वास कर सत्ता बनवाई। लेकिन उसकी अपेक्षाएं पूरी नहीं हुईं, ऐसे वर्ग विकल्प ढूंढेगा।

चौथा वर्ग भी है जो सत्ता को बेहतर इसलिए समझता है क्योंकि उसे सत्ता की खामियों का ज्ञान नहीं है। ऐसे सत्ता समर्थक वोटरों की आंखें खोलकर अपने पाले में लाने के लिए भी विपक्षी दल सत्ता का कच्चा चि्ा खोलते हैं। बताते हैं कि मौजूदा सरकार ने जन अपेक्षाएं पूरी नहीं की। जन–विरोधी है सरकार। हुकुमत पर ऐसे हमले करने के लिए विपक्षियों में मुकाबला होता है। यही कारण है कि विपक्ष का मूल स्वभाव सत्ता की आलोचना करना और सत्ता की किसी भी ख़ूबी को नजरंदाज करना है।

बीते 9 अक्टूबर को बसपा की रैली में पार्टी सुप्रीमो मायावती ने सत्ता से अधिक विपक्ष पर हमले किए। योगी सरकार की तारीफ की तब सवाल उठना लाजमी थे। बसपा भाजपा की बी टीम है! ऐसी तोहमतों के रंग गहराना भी स्वाभाविक था। बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा मैदान वापसी और खूब भीड़ वाली एक सफल रैली के बाद बसपाइयों और सपाइयों में नई जंग छिड़ गई। बी टीम की तोहमतों को आधार मिल गया । सपाई कह रहे हैं कि बहन जी ने मंच पर योगी आदित्यनाथ की सरकार की तारीफ करके अब तो भाजपा से अघोषित गठबंधन प्रकट कर दिया है। आरोप ये भी लग रहे हैं कि सरकारी मशीनरी ने मायावती की रैली में भीड़ जुटाई। भाजपा के सहयोग से बसों का इंतेजाम किया गया था। समाजवादी कह रहे हैं कि विपक्ष का काम सत्ता की कमियों को सामने लाना होता है, लेकिन बसपा सुप्रीमो तो सत्ता की तारीफ कर रही हैं और विपक्षी दलों पर हमलावर हैं। वो स्पष्ट करें कि बसपा एनडीए की सहयोगी है या विपक्ष में है ? इस तरह तारीफ तो भाजपा के सहयोगी संजय निषाद, अनुप्रिया पटेल और ओम प्रकाश राजभर भी नहीं करते। सपा के ऐसे आरोपों के जवाब भी बसपाई खेमे से आने लगे हैं। कहां जा रहा है कि विपक्षी दल द्वारा सत्ता का आभार व्यक्त करना कोई गलत बात नहीं। बसपाई सत्तारूढ़ भाजपा से सपा के रिश्ते याद दिला रहे हैं। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव द्वारा संसद में नरेंद्र मोदी की जीत की शुभकामनाएं देनी की याद दिला रहे हैं। मुलायम परिवार से मोदी–योगी के व्यक्तिगत मधुर रिश्तों से लेकर मुलायम सरकार का हिस्सा बनी कल्याण सिंह की पार्टी की याद दिलाई जा रही है। ये सच है कि प्रतिद्वंद्वी होना, राजनीति प्रतिस्पर्धी या राजनीति में विरोधी होने का अर्थ ये कतई नहीं कि हम आपसी शिष्टाचार भी भूल जाएं। सपा संस्थापक मुलायम सिंह का संघ प्रमुख मोहन भागवत के करीब बैठना,  मुलायम परिवार के विवाह समारोह में प्रधानमंत्री मोदी का जाना, मुलायम सिंह का कुशलक्षेम पूछने योगी आदित्यनाथ का जाना शिष्टाचार है। इससे राजनीतिक प्रतिस्पर्धा या विरोध का कोई मतलब नहीं। इसी तरह बसपा सुप्रीमो मायावती का योगी सरकार को आभार व्यक्त करना भी ग़लत नहीं। लेकिन ये तय है कि यदि मायावती सत्तारूढ़ भाजपा से ज्यादा सपा–कांग्रेस पर आक्रमक होती रही तो बसपा की स्थिति और भी खराब होती रहेगी। और सपा–कांग्रेस भी सत्ता के बजाय बसपा पर ज्यादा हमले करती रहेगी तो ये इंडिया गठबंधन के लिए हानिकारक होगा। दलित समाज में कुछ ऐसे भी हैं जब उन्हें लगता है कि बसपा लड़ाई से बाहर और सत्ता में आने की संभावनाओं से काफी दूर है ऐसे लोगो ने भाजपा को विकल्प मान कर भाजपाई सरकार बनवाने में अपना बड़ा योगदान दिया। भाजपा के लिए सॉफ्ट और बसपा को पसंद करने वाला एक बड़ा वोटर वर्ग है। ये वर्ग मजबूरी में बसपा से इसलिए दूर हो गया था क्योंकि बसपा ने मैदान छोड़ दिया था। मायावती मैदान में वापस आ गईं हैं इसलिए ये वोटर वर्ग बसपा में वापस होगा। बसपा के एक–एक वोटर में एक बात कामन रहेगी कि वो भाजपा के प्रति सॉफ्ट होगा। मायावती द्वारा सपा के साथ कांग्रेस पर जबरदस्त हमलों से सपा का ये डर कम हो गया कि कांग्रेस उसका साथ छोड़ कर बसपा के साथ गठबंधन कर सकती है। योगी सरकार की तारीफ से ये तय हो गया कि अब सपा के मुस्लिम बल्कि वोट में अब बसपा आठ–दस फीसद वोट में भी सेंध नहीं लगा सकेगी। बसपा सुप्रीमो मायावती के दोबारा मैदान में आने से यदि दलित घर वापसी कर बसपा में वापस होता है तो इसका नुकसान सिर्फ सपा–कांग्रेस को ही नहीं भाजपा को भी खूब होगा।

# प्रभास की नई फिल्म फौजी में संस्कृत श्लोक क्यों?






फौजी इस वक्त सबसे ज्यादा चर्चित पैन–इंडिया फिल्मों में से एक बन गई है. यह 'बाहुबली के बाद पहली बार होगा जब प्रभास एक पीरियड ड्रामा में नज़र आएंगे, जहां वो आज़ाद हिंद फौज के एक सैनिक का किरदार निभाते नजर आएंगे.

डायरेक्टर हनु राघवापुडी ने अपनी आने वाली फिल्म 'फौजीझ् के बारे में बात की, जिसमें प्रभास लीड रोल में हैं. यह फिल्म भारत के आज़ादी से पहले के समय पर आधारित है और इसमें देशभक्ति, गहरी भावनाएं और जिंदगी के महत्वपूर्ण विचार देखने को मिलने वाले हैं.

कहते हैं कि कहानी को और असरदार बनाने के लिए राघवापुडी ने कहा, हमने जानबूझकर संस्कृत श्लोकों का इस्तेमाल किया क्योंकि ये हमारे योद्धा की कहानी में गहराई और अर्थ जोड़ते हैं, लेकिन यह कोई पौराणिक फिल्म नहीं है, हमने सिर्फ भगवद गीता से दार्शनिक प्रेरणा ली है, 'फौजीझ् एक ताकतवर देशभक्ति ड्रामा है जो ब्रिटिश काल में इंसानी भावनाओं और सामाजिक–राजनीतिक तनावों को दिखाती है, जिनका असर आज भी दुनिया भर में महसूस किया जाता है. डायरेक्टर हनु राघवपुड़ी, जो सीता रामम जैसी खूबसूरत फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, इस बार फौजी को एक बड़े पैमाने पर बना रहे हैं. कहा जा रहा है कि यह फिल्म अपने मुख्य किरदार के साहस और उसके भीतर चल रहे संघर्षों को दिखाएगी. प्रभास, जो हाल के समय में अलग–अलग तरह के किरदार निभा रहे हैं,

## डीएफबी कप : पेनाल्टी शूटआउट में डॉर्टमुंड की जीत, अंतिम–16 में जगह पक्की

बर्लिन , बोरुसिया डॉर्टमुंड ने आइंट्राच्ट फ्रैंकफर्ट को शिकस्त देकर डीएफबी कप के अंतिम–16 में प्रवेश किया है। इस टीम ने मंगलवार को फ्रैंकफर्ट के खिलाफ 1–1 से ड्रॉ के बाद पेनाल्टी शूटआउट में मुकाबला अपने नाम किया। फ्रैंकफर्ट की टीम इस मुकाबले के 7वें मिनट में ही आगे निकल गई थी। डॉर्टमुंड के पूर्व विंगर अंसगर नॉफ ने मारियो गोत्जे की थ्रो बॉल पर गोल दागा। फ्रैंकफर्ट की जबरदस्त शुरुआत ने मेहमान टीम को परेशानी में डाल दिया था। इस टीम ने बार–बार गेंद पर कब्जा जमाया, लेकिन लय हासिल करने के लिए संघर्ष करती नजर आई। कुछ मौके जरूर बने, लेकिन गोल नहीं हो सका। इस बीच ग्रेगर कोबेल ने हाफटाइम से पहले दो बार फारेस चाइबी और रित्सु दोआन को गोल करने से रोका। हाफ टाइम के बाद डॉर्टमुंड ने आक्रामकता दिखाई। इस टीम ने दूसरे हाफ के तीन मिनट बाद (48वें मिनट) ही बराबरी कर ली। जूलियन रायर्सन के दाईं ओर से निचले क्रॉस पर जूलियन ब्रांट ने बराबरी का गोल दागा। मुकाबले का नतीजा पेनाल्टी शूटआउट में तय हुआ। डॉर्टमुंड के ब्रांट, बायर, सबित्जर और रायर्सन ने अपने–अपने शॉट्स को गोल में बदला।

# पेरिस मास्टर्स : फ्रिट्ज ने वुकिक को हराया, नॉरी ने अल्काराज के खिलाफ दर्ज की जीत



पेरिस , पेरिस मास्टर्स में टेलर फ्रिट्ज ने ऑस्ट्रेलियाई टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर वुकिक को 7–6(4), 6–2 से शिकस्त दी। 96 मिनट तक चले इस मुकाबले में जीत के साथ फ्रिट्ज ने एटीपी फाइनल के दावेदारों में बढ़त बनाए रखी है। पिछले साल के यूएस ओपन फाइनलिस्ट टेलर फ्रिट्ज इस सीजन में विंबलडन सेमीफाइनल और यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंचे थे। उन्हें ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के खिलाफ किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। टेलर फ्रिट्ज ने बेहतर सर्विस करने के साथ बेहतर रिटर्न किए। इस बीच एलेक्जेंडर वुकिक की सर्विस दो बार तोड़ी। अपनी सर्विस पर उन्हें एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा। अब फ्रिट्ज तीसरे दौर में 13वीं वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर बुब्लिक और फ्रांसीसी खिलाड़ी कोरेंटिन मौटेट के बीच मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे। मंगलवार को ट्यूरिन के अन्य दावेदार बेन शेल्टन, फेलिक्स ऑगर एलियासेम और डेनियल मेदवेदेव ने भी जीत हासिल की। इसी के साथ फ्रिट्ज ने सुनिश्चित किया है कि वह एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में पांचवें स्थान पर रहते हुए क्वालीफाई करने की कतार में बने रहें। दूसरी ओर, कैमरून नॉरी ने वर्ल्ड नंबर 1 कालोस अल्काराज को 4–6, 6–3, 6–4 से शिकस्त दी है। अल्काराज सितंबर के अंत में टोक्यो में सीजन का अपना आठवां टूर–लीडिंग खिताब जीतने के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।

# रजनीकांत की फिल्म जेलर 2 में विद्या बालन की एंट्री



रजनीकांत ने अपने करियर में कई हिट, सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम किया है। उन्हीं में से एक है जेलर, जिसने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचाई, बल्कि रजनीकांत के अंदाज ने भी सबका दिल जीत लिया। अब उनकी इस फिल्म के सीक्वल को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। नया अपडेट ये है कि फिल्म में अभिनेत्री विद्या बालन की एंट्री हो गई है और वो इसमें दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती की बेटी का किरदार निभाती दिखेंगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रोडक्शन से जुड़े एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया, विद्या, मिथुन चक्रवर्ती की सबसे बड़ी बेटी का किरदार निभा रही हैं। मिथुन फिल्म में मुख्य खलनायक हैं, जो रजनीकांत से भिड़ते दिखेंगे। फिल्म की शूटिंग फिलहाल चेन्नई में चल रही है और जनवरी तक इसका पोस्ट–प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा। चेन्नई शेड्यूल पूरा करने के बाद फिल्म की टीम अक्टूबर के अंत में शुरू होने वाले बाकी 2 महीनों की शूटिंग के लिए गोवा जाएगी।

नेल्सन दिलीप कुमार के निर्देशन में बन रही फिल्म को अगस्त 2026 में रिलीज किया जा सकता है।

## अक्षय कुमार की वेलकम टू द जंगल का खत्म होगा इंतजार, फिल्म पर आया ये अपडेट

अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म वेलकम टू द जंगल का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पहले उम्मीद थी कि फिल्म 2025 के आखिर तक सिनेमाघरों में रिलीज हो जाएगी, लेकिन ऐसा हो न सका। अब इस फिल्म की रिलीज को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है, जो बेशक लोगों की उत्सुकता बढ़ा देगा। बता दें कि वेलकम टू द जंगल का निर्देशन अहमद खान कर रहे हैं, जबकि फिरोज नाडियाडवाला ने निर्माण किया हैं। आइए जानते हैं अपडेट।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म से जुड़े करीबी सूत्र ने कहा कि वेलकम टू द जंगल के निर्माता अगले साल 2026 तक फिल्म का बचा शेड्यूल पूरा करने की योजना बना रहे हैं, क्योंकि वह इसे 2026 के मध्य तक रिलीज करना चाहते हैं। यही नहीं मेकर्स अगले महीने नवंबर में फिल्म की 15 दिनों की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। बता दें कि वेलकम टू द जंगल बालीवुड के कामेडी यूनिवर्स की बहुप्रतीक्षित वापसी में से एक है।

# इंग्लैंड के खिलाफ ब्लेयर टिकनर का 'चौका



नई दिल्ली ,न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर ने इंग्लैंड के खिलाफ हैमिल्टन में जारी दूसरे वनडे मैच में 4 विकेट हासिल किए। उनकी इस धारदार गेंदबाजी के सामने मेहमान टीम 36 ओवरों में महज 175 रन पर सिमट गई।

मुकाबले में टॉस हारकर बल्लेबाजी के लिए उतरी इंग्लिश टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। तीसरे ओवर की पहली गेंद पर बेन डकेट अपना विकेट गंवा बैठे। डकेट 5 गेंदों में महज 1 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि जेमी स्मिथ सिर्फ 13 ही रन अपने खाते में जोड़ सके।

यहां से जो रूट ने मोर्चा संभाला। उन्होंने 34 गेंदों में 3 चौकों की मदद से 25 रन की पारी खेली, लेकिन 51 के स्कोर पर इंग्लैंड ने इस बल्लेबाज का विकेट भी गंवा दिया। इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे। उन्होंने 34 गेंदों में इतने ही रन बनाए। ब्रूक की इस पारी में एक छक्का और 3 चौके शामिल रहे। इंग्लैंड की ओर से जेमी ओवरटन ने सर्वाधिक रन बनाए। उन्होंने 28 गेंदों में 2 छक्कों और 4 चौकों के साथ 42 रन अपने खाते में जुटाए। न्यूजीलैंड की ओर से ब्लेयर टिकनर ने 8 ओवरों में 34 रन देकर सर्वाधिक 4 विकेट हासिल किए। उनके अलावा, नाथन स्मिथ ने 2 विकेट निकाले। जैकब डफी, जकारी फाउलकेस, मिचेल सेंटनर और मिचेल ब्रेसवेल ने 1–1 विकेट निकाला। इंग्लैंड की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मुकाबलों की टी20 सीरीज 1–0 से अपने नाम कर चुकी है। इस सीरीज के दो मैच बारिश के चलते बेनतीजा रहे। इसके बाद न्यूजीलैंड ने बे ओवल में खेले गए सीरीज के पहले मैच को 4 विकेट से अपने नाम किया। ऐसे में इंग्लैंड की टीम इस मुकाबले को जीतकर सीरीज में बराबरी करना चाहेगी, लेकिन दूसरे मैच में मेजबान न्यूजीलैंड को बेहद आसान लक्ष्य मिला है। ऐसे में न्यूजीलैंड मैच को जीतकर 3 मुकाबलों की सीरीज पर कब्जा करना चाहेगा।

